## निर्माण कार्यों की मिली बड़ी सौगात

# शहर विकास में आई तेज़ी : महापौर अन्नू

### महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने केंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी और निगमाध्यक्ष रिंकू विज की पहल और प्रयासों से रानी अवंती बाई वार्ड को दी ₹4 करोड़ 60 लाख के विकास कार्यों की सौगात



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री शहरी अद्योसंरचना विकास योजना के चतुर्थ चरण के तहत, जबलपुर शहर के विकास में एक नई तेज़ी आई है। इसी क्रम में, आज दिनांक 14 दिसंबर 2025 को संभाग क्रमांक 11 के रानी अवंती बाई वार्ड के नागरिकों को 4 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से बनने वाली उच्च गुणवत्ता की M-30 सीमेंट सड़कों के निर्माण कार्यों की बड़ी सौगात मिली।

तिलहरी चैतन्य सिटी हनुमान मंदिर के समीप आयोजित भव्य समारोह में, महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने केंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी और निगमाध्यक्ष रिंकू विज एवं एम आई सी सदस्य विवेक राम सोनकर के साथ मिलकर विधिवत भूमिपूजन किया।

#### विधायक और निगमाध्यक्ष के प्रयासों से मिली सौगात

इस अवसर पर, महापौर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि केंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं निगमाध्यक्ष और वार्ड पार्षद रिंकू विज की सक्रियता और अथक प्रयासों का परिणाम है, की वार्ड के नागरिकों को इतनी बड़ी सौगात प्राप्त हुई है।

#### इन प्रमुख मार्गों का होगा निर्माण

4 करोड़ की यह परियोजना क्षेत्र के आवागमन को स्थायी रूप से सुगम बनाएगी। जिन महत्वपूर्ण स्थानों पर सीमेंट-कंक्रीट की सड़कों का निर्माण किया जाएगा, वे निम्नलिखित हैं :-

* तिलहरी चैतन्य सिटी
* बिलहरी छोटे महावीर से चेतना मैदान तक
* गोरैयाघाट सुनील दुबे के घर से उत्तम टेंट तक
* दुर्गा नगर भटौली गौरीघाट रेल्वे स्टेशन के पास तक

महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने इस अवसर पर कहा कि शहर के समग्र विकास में अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

#### वीर शिरोमणि रूपन बारी मार्ग' का अनावरण, महापौर अन्नू और विधायक डॉ. पाण्डे की उपस्थिति में हुआ भव्य लोकार्पण

**जबलपुर ।** शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूती देते हुए रविवार, 14 दिसम्बर को दोपहर 02:00 बजे वीर शिरोमणि रूपन बारी मार्ग का विधिवत अनावरण किया गया। यह लोकार्पण समारोह महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डे की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, जिसने क्षेत्र के विकास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। समारोह में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज और एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर की विशेष उपस्थिति रही, जो परियोजना के प्रति नगर निगम की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सभी अतिथियों ने मार्ग के लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर क्षेत्रवासियों को मार्ग समर्पित किया। इस अवसर पर, बारी समाज और संस्था के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें समाज के अध्यक्ष अनिल बारी, मध्य प्रदेश राज्य बारी संघ के अध्यक्ष हरूण हसार वर्मा, सचिव अखिलेश बारी, नरेश बारी, रविन्द्र बारी, सह सचिव राजेश वर्मा, राज वर्मा, श्रीमती शालिनी वर्मा और महिला सशक्तिकरण की महिलाएं शामिल थीं।




# सिहोरा जिला की मांग पर चौथा जत्था अनशन पर बैठा

**सिहोरा।** सिहोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर विगत बारह दिनों से पुराने बस स्टेंड में सर्व दलीय लक्ष्य जिला समिति का आन्दोलन जारी है। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद उम्मीद की किरण दिखाई दी है। समिति के आह्वान पर रविवार से बाजार खुल गये जिससे जनजीवन आंशिक रूप से सामान्य होता नजर आया। आंदोलनकारियों में आशा और भरोसे का माहौल बना हुआ है। समिति ने जानकारी दी कि मंगलवार को अनेक लोग भोपाल पहुंचेंगे जहां मुख्यमंत्री से भेंट कर सिहोरा को जिला बनाए जाने की मांग को मजबूती से रखेंगे। भोपाल कूच की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और विभिन्न क्षेत्रों से लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।समिति ने उपमुख्यमंत्री और विधायक संतोष बरकडे के आश्वासन का स्वागत करते हुए सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय की उम्मीद जताई है। इधर अस्पताल में भर्ती प्रमोद साहू आमरण अनशन पर डटे हुए हैं वहीं धरना स्थल पर रविवार को चौथे जत्थे के रुप में आधा दर्जन से अधिक लोग क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे हैं। इनमें राजभान मिश्रा,संतोष पांडे,पुरुषोत्तम गुप्ता, रामनरेश तिवारी,नत्थू पटेल,प्रेमचंद्र चौधरी और रामजी शुक्ला शामिल हैं। सत्याग्रहियों का कहना है कि जब तक सिहोरा जिला बनने की घोषणा नहीं होती तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। समिति ने दो टूक शब्दों में संकल्प दोहराया कि सिहोरा को जिला बनाए जाने तक आंदोलन किसी भी कीमत पर समाप्त नहीं होगा। समिति ने जनता से संयम बनाए रखने और आगामी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनने की अपील की है।

## कवि कोकिल विद्यापति स्मृति पर्व समारोहपूर्वक संपन्न

**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में रह रहे प्रवासी मैथिल समाज द्वारा मिथिला मैथिल समिति के तत्वावधान में 14 दिसम्बर को कवि कोकिल विद्यापति स्मृति पर्व समारोह, जेके सेलिब्रेशन, सदर बाजार में संपन्न हुआ। सभी मिथिलावासी अपने पारंपरिक वेष भूषा (धोती, कुर्ता, पाग) में पहुंचे। सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विशेषकर महिलाओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम अति मनमोहक था। श्रीमति प्रभा झा, शिशिर ठाकुर, इंदु ठाकुर, मालती झा, नीलम झा, अनुपमा श्रीवास्तव, वाणी झा, प्रिया पाठक, अर्चना झा, रंजू झा, पिंकी मिश्रा, रूबी मिश्रा, अनिता झा, रिम्मी कंठ और मोनिका मिश्रा का योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक श्रीकांत झा, श्रीनारायण झा (भोला झा), अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष शंभू झा, सचिव उदयनाथ पाठक, कोषाध्यक्ष दीपक मिश्रा, संयोजक सरोज झा, संस्थापक सदस्य पवन झा, संजय मिश्रा एवं सभी वरिष्ठ सदस्यगण उपस्थित थे। वरिष्ठतम सदस्यगण जटा शंकर झा, एनके चौधरी एवं नर्मदा देवी का भी सम्मान किया गया।

### नामदेव समाज का परिचय सम्मेलन संपन्न

# 1000 से अधिक युवक-युवतियों का पंजीयन कर मंच से परिचय कराया



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश नामदेव क्षत्रिय एकता परिषद के तत्वावधान में 14 दिसम्बर को नामदेव समाज के युवक-युवतियों का भव्य सम्मेलन बंसी वाले मैरिज गार्डन दमोहनाका शांति नगर जबलपुर में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर अभिलाष पांडे विधायक उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र जबलपुर के साथ अतिथिगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 1000 से अधिक युवक, युवतियों का पंजीयन होकर मंच से परिचय कराया गया। इस सम्मेलन में जबलपुर शहर के अतिरिक्त आसपास के जिले मंडला, सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, कटनी, मैहर, शहडोल तथा महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, झारखंड के भी युवक, युवती शामिल हुए। जिन युवक, युवतियों के आज पंजीयन हो गए हैं उनका विवाह तय होने पर 21 फरवरी 2026 को शुभ मुहूर्त में संस्था द्वारा कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में लगभग 8 से 10000 नामदेव समाज के लोग शामिल हुए। यह जानकारी राम भारत नामदेव प्रांतीय अध्यक्ष एवं जेपी वर्मा कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष मध्य प्रदेश नामदेव क्षत्रिय एकता परिषद जबलपुर द्वारा दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के रामभरत नामदेव, प्रांतीय अध्यक्ष, जे.पी. वर्मा नामदेव कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष, लक्ष्मण नामदेव उप प्रांतीय अध्यक्ष, छोटेलाल नामदेव उप प्रांतीय अध्यक्ष, रूपराम नामदेव जिला अध्यक्ष जबलपुर, रामप्रकाश नामदेव प्रांतीय महामंत्री, अरविन्द नामदेव प्रान्तीय उपमहामंत्री, प्रदीप नामदेव प्रांतीय कोषाध्यक्ष, दीपक नामदेव प्रांतीय संगठन मंत्री, कैलाश नामदेव प्रांतीय ऑडिटर, रवि नामदेव प्रान्तीय संयोजक, रामबहोरी नामदेव प्रान्तीय संयोजक, आशुतोष नामदेव प्रांतीय संगठन मंत्री, शंकर लाल नामदेव जिला उपाध्यक्ष, केदार नामदेव जिला महामंत्री, शंभू प्रसाद नामदेव जिला कोषाध्यक्ष, अतुल नामदेव जिला संगठन मंत्री, एड. संदीप नामदेव जिला संगठन मंत्री, गीता नामदेव सम्पादक, ज्योति नामदेव, रश्मि नामदेव अध्यक्ष महिला मंडल, सुशील नामदेव की भूमिका सराहनीय रही।

## शक्ति क्लब के रक्तदान शिविर को मिली सराहना

**जबलपुर।** शक्ति क्लब द्वारा मुक्ति संस्था के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन 14 दिसंबर को किया गया। क्लब की अध्यक्ष नीलम सिंह और उनकी साथी सदस्यों ने मुख्य अतिथि माला राकेश सिंह, अंजू भार्गव और विशेष अतिथियों हेमलता सिंगरौल, श्वेता सिंह ठाकुर, सुमि आहूजा, आराधना चौहान, दीपमाला सोनकर, प्रीति श्रीवास्तव, डॉ. अवनी कुरारिया, कीर्ति चिश्ती एवं डॉ. मकसूद चिश्ती का स्वागत पुष्प और पौधे देकर किया। सभी अतिथियों ने रक्तदान शिविर के लिए शक्ति क्लब की सराहना की। शिविर में क्लब की महिलाओं के अलावा शहर के अन्य लोगों ने भी इस नेक कार्य में अपना योगदान देकर मानवता का परिचय दिया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र के साथ एक-एक पौधा भी उपहार स्वरूप दिया गया। अध्यक्ष नीलम सिंह ने आयोजन में शामिल होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

### 266 वारंटी एवं 4 चाकूबाज अंदर

# काम्बिंग गश्तः तेज हुई अपराधियों की धरपकड़



**जबलपुर।** अपराधियों पर नकेल कसने के लिये पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शनिवार की रात 9 बजे से देर रात 2 बजे तक काम्बिंग गश्त की गई. इस दौरान 266 वारंटी पकड़े गये, वहीं अवैध हथियार लेकर घूमते हुये 4 आरोपी पकड़े गये. इनके पास से चार चाकू जप्त की गई और 25 आरोपी अवैध शराब के कारोबार में लिप्त पाए गये. जिनसे 45 लीटर कच्ची और 345 पाव देसी शराब जप्त की गई.

काम्बिंग गश्त के लिये शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई. एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षों से फरार 166 गैर म्यादी वारिटयों एवं 84 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 66 गिरफ्तारी वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गश्त के दौरान पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 25 आरोपियों को गिरफ्तार कर 45 लीटर कच्ची तथा 342 पाव देशी शराब जप्त की है। इसी प्रकार कांबिंग गस्त के दौरान अवैध हथियार रखकर घूमते हुए 4 आरोपियों को पकडा जाकर 4 चाकू जप्त किये गये । इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

## नवनियुक्त भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर संस्कारधानी में हुआ भव्य स्वागत

# महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करेगा भाजपा महिला मोर्चाः श्रीमती अश्वनी पराँजपे

### स्वागत रैली में मंचों से हुआ अभूतपूर्व अभिनंदन



**जबलपुर।** संस्कारधानी आशीर्वाद की भूमि है जिसने यहां पूरी कर्तव्य निष्ठा से कार्य किया है उसे संस्कारधानी में जरूर आशीर्वाद दिया है बहन को प्राप्त आशीर्वाद में सभी बहनों के सहयोग के साथ सभी भाइयों का भी पूर्ण सहयोग रहा है, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने जबलपुर की बेटी को सम्मान देकर जबलपुर की कार्यकर्ताओ का मान बढ़ाया है इसके लिए मैं केंद्रीय और प्रदेश के नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करती हूं यह बात भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे राजवाड़े ने स्वागत रैली के समापन अवसर पर भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

श्रीमती अश्विनी परांजपे के पदभार ग्रहण करने के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पिसनहारी की मडिया में भव्य स्वागत कर उनकी अगवानी की इसके पश्चात स्वागत रैली त्रिपुरी चौक से पंडा की मडिया, शाहीनाका, संजीवनी नगर से कछपुरा ब्रिज होते हुए यादव कॉलोनी से रानीताल चौक से भाजपा कार्यालय पहुंची, कार्यालय में श्रीमती पराँजपे के स्वागत हेतु अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, प्रभात साहू, जीएस ठाकुर, संदीप जैन, रजनीश यादव, सुषमा जैन प्रीति बाजपेई, रत्ना श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रूपा राव की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओ और महिला मोर्चा की बहिनों ने अभूतपूर्व अभिनंदन किया। स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए श्रीमती अश्विनी पराजपे ने कहा हमारी परंपरा, संस्कृति और चिंतन में नारी का सम्मान रहा है यह हमारे लिये गौरव की बात है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक प्रयास किए हैं, महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए अनेकों योजनाएं केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने चलाई है प्रदेश की प्रत्येक महिला को उनका लाभ दिलाना मेरी प्राथमिकता होगी इसके साथ संगठन में महिलाओं की भूमिका भी कारगर हो यह प्रयास होगा, महिला मोर्चा अध्यक्ष के रूप में जो सम्मान प्रदेश संगठन ने जबलपुर को दिया है उसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगी। समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने कहा कि देश में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण का संकल्प, कार्य रूप में परिणित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिये कई नवाचार हुए और अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। इन योजनाओं का अनुकरण अन्य राज्यों ने भी किया। इस तरह मध्यप्रदेश, देश में महिला सशक्तिकरण के लिए अग्रणी राज्य बन गया, और महिलाओ के सशक्तिकरण में जबलपुर का योगदान महत्पूर्ण होगा क्योंकि हमारी बहिन अश्विनी परांजपे महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगी। श्री रत्नेश सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हमें विकास के साथ विरासत का सूत्र दिया है। भारत की वैचारिक विरासत नारी सम्मान की रही है, और हम अनादि काल से नारी को पूजते आ रहे हैं प्रदेश संगठन ने भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अश्विनी पराजपे के साथ ही सम्पूर्ण संस्कारधानी का मान बढ़ाया है इस सम्मान के लिए मन अभिभूत है, और प्रत्येक कार्यकर्ता बहन अश्वनी के स्वागत के लिए आतुर है यह केवल भारतीय जनता पार्टी में संभव है एक सामान्य कार्यकर्ता प्रमुख पदों पर पहुंच सकते हैं समस्त संस्कारधानी के कार्यकर्ता बहन अश्विनी परांजपे के साथ संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर अभय सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, कैलाश साहू, जय सचदेवा, रोहित जैन, प्रणीत वर्मा, श्रीराम शुक्ला, कमलेश अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, सुषमा जैन, रजनी यादव, प्रीति बाजपेई, रत्ना श्रीवास्तव, मधुबाला राजपूत, माधुरी सोनकर, मालती चौधरी, पूजा पटेल, प्रिया तिवारी, लश्मी चक्रवर्ती, शारदा कुशवाहा, अंशुल यादव, सोनिया सिंह, प्रतिभा भापकर, रजनी साहू,आत्मिका सिंह, अर्चना अग्रवाल, रोशनी बबेले, नूपुर लखेरा, दीपिका चौहान, नीतू सिंह, मोना साहू, दीपमाला केसरवानी, तनुश्री सिंह, विभा उपाध्याय, कल्पना तिवारी, दीपमाला सोनकर, सोनू बचवानी, राघवेंद्र लालू यादव, चित्रकांत शर्मा, राहुल दुबे, रजनी यादव, मधुबाला राजपूत, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, नरेश पटेल, शैलेंद्र विश्वकर्मा, प्रशांत दुबे गुल्लन, प्रणय गुप्ता, अमर पटेल, दिलीप पटेल, पुष्पराज पांडे, राहुल रजक, सपन यादव, श्रीकान्त साहू, रवि शर्मा आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रेम की कोई भाषा नहीं होतीः दिव्य प्रकाश







**जबलपुर।** रीड ओन रेंट द्वारा साउथ एवेन्यू मॉल, ग्वारीघाट रोड में तीन दिवसीय बुक फेयर आयोजित हुआ। अंतिम दिन कहानीकार स्वप्निल पांडे और दिव्य प्रकाश दुबे ने कहानियों के बनने के हरेक कारण को विस्तार से बताया। स्वप्निल पांडे ने कहा मेरी कहानियां उन्हें प्रेरित करती है।जो पूरे देश को इंस्पायर करते है। मेरी रचनाएं देश के रक्षकों, सैनिकों के साहस और बलिदान पर आधारित होतीं है। इसलिए सैनिक शहीदों की कहानियों को पढ़ कर प्रेरित होते है। कश्मीर की बर्फीली जमीन पर हो या गर्म रेत के मैदान। सेना के जवानों के जज्बे पर कहानियां लिखतीं हूं।लिखने के लिए सेना के हरेक पहलू को खुद महसूस करना आवश्यक है। सेना के हेलीकॉप्टर या टैंक या एयरक्राफ्ट को लिखने के लिए उसे देखना और समझना जरूरी होता है। श्रीमती पांडे ने आगे बताया कि आम विषयों पर कहानी लिखना आसान है। सोच कहानी में ढालना और प्रकाशित करना। लेकिन सेना के घटना क्रम या शहीद के ऊपर कहानी लिखने पर देश की सुरक्षा के हरेक पक्ष को जानना जरूरी होता है। दिव्यप्रकाश दुबे ने कहा कि प्रेम की कोई भाषा नहीं होती।जो लक्ष्य हम प्राप्त करने का प्रयास करते है,हमेशा वही मिले ऐसा नहीं होता।लेकिन कुछ मिलता जरूर है। जो चाहा हो वो आगे पीछे हो सकता है। उन्होंने दो कहानियों में खुद को चरित्र में ढाल कर प्रस्तुत किया। वहीं दर्शकों की जिज्ञासाओं को भी सुना। बुक फेयर के तीसरे दिन अर्चना अग्रवाल ने मुसाफिर कैफे, विशाल सिंह ने बलिदान, रुचि जैन ने अफलातून, देवेश दुबे ने यार पापा, गौरव सेनी ने आको बाको, ऋषभ कौरव ने अक्टूबर जंगसन किताब खरीदी। मंच संचालन आशुतोष मिश्रा ने किया।

## पौष मास की सूर्योपासना में द्वितीय रविवार
## बगलामुखी सिद्धपीठ में विशेष भावपूर्ण अनुष्ठान

# श्रीसूर्य नारायण सकलकर्मसाक्षीभूत सर्वज्ञ हैं : ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द

हरिभूमि, जबलपुर।

श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में विश्वकल्याणार्थ पौष मास के पावन अवसर पर मास पर्यन्त चल रही सूर्योपासना के क्रम में द्वितीय रविवार विशेष रूप से श्रद्धा, साधना और वैदिक विधानों से ओतप्रोत रहा। इस दिव्य अवसर पर ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज श्री के सान्निध्य में विधिवत धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भावपूर्वक सहभागिता की।



### महारूद्राभिषेक से अनुष्ठानों का शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज श्री द्वारा देवाधिदेव भगवान महादेव के महारूद्राभिषेक से हुआ। तत्पश्चात भगवान श्री सूर्य नारायण को अर्घ्य अर्पित कर पाटल्य पुष्पों से सहस्त्रार्चन किया गया। वैदिक ब्राह्मणों के मंत्रोच्चारण से वातावरण पूर्णतः सात्त्विक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से अनुप्राणित हो उठा। भक्तों ने एकाग्र चित्त से पूजन-अर्चन कर लोक कल्याण की कामना की।

### उपासना से ज्ञान और परमपद की प्राप्ति

इस अवसर पर प्रवचन देते हुए ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज श्री ने कहा कि उपासना से ज्ञान प्राप्त होता है और ज्ञान से परमपद की सिद्धि होती है। उपासनाएँ अनेक प्रकार की होती हैं, परंतु भगवद्भावना से की गई किसी भी देव की उपासना श्रेष्ठ मानी गई है। अनादिकाल से ऋषि-महर्षियों ने इसी विधि से उपासना कर अपने जीवन को धन्य बनाया और मानवता को पथप्रदर्शन दिया। उनके बताए मार्ग पर चलकर आस्तिक जन प्रतिदिन तीनों संध्याओं में भगवान सूर्य की उपासना करते आए हैं।

### वैदिक परंपरा में सूर्योपासना का अनिवार्य स्थान

महाराज श्री ने बताया कि प्रातः संध्या (उषाकाल), सायं संध्या तथा मध्याह्न की माध्याह्निक संध्या इन तीनों समय सूर्योपासना करना वैदिक परंपरा में अत्यंत आवश्यक है। संध्या के बिना किसी भी वैदिक धर्म-कर्म की सिद्धि संभव नहीं मानी गई है। इससे स्पष्ट होता है कि वैदिक विधानों में भगवान सूर्य का कितना उच्च और अनिवार्य स्थान है।

### सूर्य नारायण, सकल कर्मों के साक्षी और फलदाता

उन्होंने कहा कि श्रीसूर्य नारायण सकलकर्मसाक्षीभूत सर्वज्ञ हैं तथा समस्त मानवकृत कर्मों के फल प्रदान करने वाले भी भगवान सूर्य ही हैं। संध्योपासन के समय साधक को दोनों नेत्र बंद कर ध्यान करना चाहिए कि भगवान नारायण तप्त स्वर्ण के समान कांतिमान शरीर धारण किए हुए हैं। उनके गले में हार, सिर पर किरीट, कानों में मकरकुण्डल सुशोभित हैं। वे कंगन से अलंकृत भुजाओं में भक्तभय निवारण हेतु शंख-चक्र धारण कर सूर्यमंडल में कमलासन पर विराजमान हैं। इसी प्रकार गायत्री जप के समय भी सूर्यमंडल में भगवान का चिंतन करना चाहिए।

### भक्तों की सहभागिता से सजी साधना

पूजन-अर्चन में आचार्य नर्मदा प्रसाद शर्मा, डॉ. संजय मिश्रा, मधु यादव, नीता पटेल, नितिन, आरती सराफ, ऊषा विजय कटारिया, अनिला तिवारी, आलोक तिवारी, अमित जसुजा, गीता राघवेन्द्र व्यास, अदम्य वाजपेई, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पीयूष दुबे, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य, राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, मीडिया प्रभारी मनोज सेन समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## नयागांव खेल परिसर में आधुनिक टर्फ का लोकार्पण

**जबलपुर।** नयागांव स्थित खेल परिसर में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए एक अत्याधुनिक टर्फ का लोकार्पण किया गया। इस टर्फ पर बच्चे एवं बड़े फुटबॉल, क्रिकेट सहित अन्य खेलों का आनंद ले सकेंगे। लोकार्पण अवसर पर नयागांव समिति के अध्यक्ष रजत भार्गव, विधायक अजय विश्नोई, संजय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, राम खटवानी, माधवी माहेश्वरी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने टर्फ को क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात बताते हुए कहा कि इससे युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा और खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्राप्त होगा।

## अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल हॉकी प्रतियोगिता आज से

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 47 वीं अखलि भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन आज 15 दिसंबर से यहां रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स एस्ट्रो टर्फ में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 15 दिसंबर को प्रातः 11 बजे एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन एवं केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता करेंगे। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के खेल सचिव एमसी बालोधी ने जानकारी दी 47 वीं अखलि भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल हॉकी प्रतियोगिता में मेजबान एमपी पावर सहित पांच पावर यूटिलिट टीमों के भाग ले रही हैं। पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल), हरियाणा स्पोर्ट्स पावर ग्रुप, तेलंगाना ट्रांसको व उत्तराखंड की टीमें प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जबलपुर पहुंच गईं हैं। यह प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट पद्धति के आधार पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता के सभी मैच रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के एस्ट्रो टर्फ मैदान पर खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में खेले जाने वाले मैचों की रैफरीशपि एमपी हॉकी व जबलपुर जिला हॉकी संघ के मान्यता प्राप्त रैफरी करेंगे। पिछली बार आयोजित 46 वीं अखलि भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल हॉकी प्रतियोगिता में पंजाब विजेता व हरयिाणा की टीम उपविजेता रही थी। एमपी पावर टीम तृतीय स्थान पर रही थी। एमपी पावर की टीम घोषति-प्रतियोगिता में भाग लेने वाली मेजबान एमपी पावर की 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम इस प्रकार है- शहजादा शकील आफरीदी, क्रिस्टोफर नरोन्हा, रिचर्ड जेम्स लाल, महेश्वरनाथ यादव (सभी जबलपुर) शोएब बख्शी (इंदौर) प्रिंस बस्तवार व धर्मेन्द्र खेर (सारनी) दिलशाद खान, विनय चौरसिया व महेश कुशवाहा (ग्वालियर) अंबिका प्रसाद यादव (बिरसिंगपुर) प्रकाश काकड़े, मनोज पवार, प्रेम नारायण धुर्वे, संजय लाल बैगा व अंबिकेश प्रताप सिंह (सभी खंडवा)। टीम के मैनेजर जबलपुर के संजय केने व कोच संदेश यादव होंगे।

## सुधीर सोनकर बने सीएआइटी के कार्यकारिणी सदस्य

**जबलपुर।** कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआइटी) जबलपुर की गत दिवस नवनिर्वाचित



कार्यकारिणी की घोषणा की गई, सीएआईटी के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र पचौरी, प्रदेश संरक्षक संदेश जैन, जबलपुर संभाग अध्यक्ष दीपक सेठी एवं प्रदेश मंत्री रोहित खटवानी की अनुशंसा पर जबलपुर अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया ने गोरखपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुधीर सोनकर को सीएआईटी कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। नियुक्ति पर सभी व्यापारी बंधुओं ने हर्ष व्यक्त कर सुधीर सोनकर को उज्जवल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## शासकीय महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आज

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय सिहोरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आज सोमवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया है। महाविद्यालय के प्रचार डॉ मनोज श्रीवास्तव के संरक्षण एवं महाविद्यालय की रेड क्रॉस प्रभारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में डॉक्टर धीरेंद्र कुमार बघेल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया है। रक्त को एकत्रित करने के लिए रानी दुर्गावती एल्गिन हॉस्पिटल जबलपुर की टीम आयेगी। बघेल ने बताया कि विगत अनेक वर्षों से महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है इस पुनीत कार्य में छात्र छात्राओं के द्वारा इसमें भरपूर सहयोग मिलता है।

# टीम गोल्ड एवं टीम स्काई ने जीता मैच

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी के द्वारा बताया गया कि जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वावधान में उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर एवं हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के सहयोग से 16वां एडवोकेट्स प्रीमियम लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेन्ट का दिनांक 13/12/2025 को पहला मैच टीम गोल्ड एवं टीम ब्लैक पैंथर के बीच आयोजित किया गया, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये टीम गोल्ड ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 207 रन बनाए, जवाब में टीम ब्लैक पैंथर ने लक्ष्य का पीछा करते हुये निर्धारत 20 ओवर 6 विकेट के नकुसान पर 136 रन बनाए, इस प्रकार टीम गोल्ड ने 71 रन से मैच जीता। टीम गोल्ड की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन राहुल प्रताप सिंह राजपूत द्वारा किया गया, जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने उन्हें द्वारा मैन ऑफ द मैच प्रदान किया और टीम ब्लैक पैंथर की ओर से सक्षम गुलाटी को पुरस्कृत किया। इसी क्रम में दूसरा मैच टीम गोल्डन चैलेंजर और टीम स्काई के बीच आयोजित किया गया जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा के द्वारा मैच का टास कराया गया जिसके पश्चात टीम स्काई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 16 ओवर में



3 विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाए, जवाब में टीम गोल्डन चैलेंजर ने लक्ष्य की पीछा करते हुए 16 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 86 रन बनाए। इस प्रकार टीम स्काई ने 118 रन से मैच जीता। उक्त मैच में टीम स्काई की ओर से सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अनुराग दुबे को मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया गया एवं वेस्ट प्रदर्शन करने के लिए टीम गोल्डन चैलेंजर से करण द्विवेदी को पुरस्कृत किया गया। उक्त दोनों मैचों पर कॉमेन्ट्री अधिवक्ता संजीव पाण्डेय एवं अधिवक्ता तरूण रोहितास द्वारा की गई। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सह सचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेन्द्र यादव, कार्यकारणी सदस्यगण क्रमशः रवीन्द्र दत्त, सुदीप सिंह सैनी, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा (सीपू), अर्जुन साहू, दुर्गेश मनाना, मनोज तिवारी व अधिवक्ता प्रदीप परसाई (बाबा), संजय यादव, अरुण मिश्रा, शाहरूख मंसूरी आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## एसआइआर जागरूकता अभियान में होम साइंस महाविद्यालय की अनुकरणीय उपलब्धि

**जबलपुर।** जिला निर्वाचन कार्यालय जबलपुर के स्वीप शाखा द्वारा संचालित एसआईआर जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय होम साइंस महाविद्यालय, जबलपुर ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर शुक्ला के मार्गदर्शन तथा निर्वाचन साक्षरता क्लब की नोडल अधिकारी डॉ. साधना केसरवानी के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर में एक सुव्यवस्थित मतदाता हेल्पडेस्क स्थापित किया गया। इसी हेल्पडेस्क के माध्यम से महाविद्यालय की सक्रिय टीम द्वारा 510 छात्राओं के गणना पत्र फार्म1 का सफलतापूर्वक डिजिटाइजेशन किया गया, जो कि युवा मतदाता जागरूकता एवं एसआइआर प्रक्रिया में छात्राओं की अभूतपूर्व भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्य की गुणवत्ता, तत्परता एवं SIR अभियान के प्रति महाविद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय की स्वीप शाखा समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव को इस विशिष्ट योगदान विषयक प्रमाणपत्र अन्य को भी प्रेरित करने



के उद्देश्य से सौंपा गया। जिला निर्वाचन कार्यालय की स्वीप शाखा ने महाविद्यालय के इस प्रयास को "सक्षम संस्था जिम्मेदार नागरिकता" की मिसाल बताते हुए सराहा तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों को भी ऐसी पहल हेतु प्रेरित किया। स्वीप शाखा का यह भी मत रहा है कि ऐसे प्रयास मतदान व्यवस्था में पारदर्शिता, युवा जनभागीदारी और सुचारु निर्वाचन प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




**श्री बसंत कुमार झारिया-** कांचघर पुलिस लाइन के पास निवासी श्री बसंत कुमार झारिया (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तुलसी श्रीवास-** कैलाशपुरी बूढ़ी खेरमाई के निकट निवासी श्री रवि श्रीवास के पुत्र श्री तुलसी श्रीवास (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री लखन पटेल-** गढ़ाफाटक जगदीश मंदिर के पास निवासी श्री लखन पटेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धन्नू लाल बेन-** पुराना पान बरेजा हाथीताल निवासी श्री धन्नू लाल बेन (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मलखान मेथिया-** हैलटगंज सदर निवासी श्री मलखान मेथिया (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आनंद राव कदम-** भानतलैया खेरमाई वार्ड निवासी श्री आनंद राव कदम (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दीपेश विश्वकर्मा-** गांधी व्यायाम शाला के पास रांझी निवासी श्री रमेश कुमार विश्वकर्मा के पुत्र श्री दीपेश विश्वकर्मा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दौलतराम अहिरवार-** सिंधी कैंप भानतलैया रोड निवासी श्री दौलतराम अहिरवार (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कन्हैया सिंह-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्रवे कन्हैया सिंह (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**शिवांश ताम्रकार-** वीरन तेली गली सूजी मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री शोभित ताम्रकार के अल्पायु पुत्र शिवांश का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश कोल-** मदनमहल नरसिंह वार्ड निवासी श्री सुरेश कोल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आईदीन पुरोहित-** मदनमहल निवासी श्री आईदीन पुरोहित (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा कली परिहार-** शिवपुरी कजरवारा निवासी श्री रामचंद्र सिंह परिहार की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा कली परिहार (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश सेठी-** शीतलामाई निवासी श्री राजेश सेठी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती छबरानी विश्वकर्मा-** कुदवारी अमखेरा निवासी श्री बांके लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती छबरानी विश्वकर्मा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनीता सोनकर-** गोरखपुर महर्षि स्कूल के पीछे निवासी श्री ताराचंद सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता सोनकर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विमला सैनी-** शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री पूरन सिंह सैनी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला सैनी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जयंती कुचबंधिया-** कुचबंधिया मोहल्ला शीतलामाई के पास निवासी श्री बलराम कुचबंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती जयंती कुचबंधिया (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सविता कामे-** कचनार सिटी विजयनगर निवासी श्री प्रकाश कामे की धर्मपत्नी श्रीमती सविता कामे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रूद्र पाल-** शारदा विहार कॉलोनी निवासी श्री प्रशांत पाल के पुत्र श्री रूद्र पाल (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती अनुसुईया चौहान-** एकता चौक के निकट विजयनगर स्थित अपार्टमेंट निवासी श्री उमा शंकर चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती अनुसुईया चौहान (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला काछी-** कुंवरजी का बाड़ा घमापुर चौक निवासी श्री अशोक कुमार काछी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला काछी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री विजय कृष्णा वर्मा-** साईं विहार कॉलोनी शंकर शाह नगर रामपुर निवासी श्री एमपी वर्मा की पुत्री सुश्री विजय कृष्णा वर्मा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश प्रसाद चौरसिया-** 4/3, टाईप 4, सेक्टर 1 व्हीकल स्टेट निवासी श्री जगदीश प्रसाद चौरसिया (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति वर्ग से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 900/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

# महाकोशल महाविद्यालय का पूर्व छात्र मिलन समारोह व ओशो जन्म महोत्सव आयोजित

**जबलपुर।** ओशो जन्म महोत्सव एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह महाकोशल महाविद्यालय के ओशो प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम चरण में राष्ट्रीय संत मुरारी बापू ने महाविद्यालय में पूर्व छात्रों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। बापू ने महाविद्यालय की लाइब्रेरी में ओशो चेयर के दर्शन किए, ओशो के हस्ताक्षर देखे, ओशो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया। तत्पश्चात पूर्व छात्रों द्वारा मुरारी बापू को शाल, श्रीफल, सम्मान प्रतीक भेंटकर सम्मानित किया गया। मुरारी बापू ने अपने उद्बोधन में कहा कि ओशो की चेतना से पल्लवित इस विद्या मंदिर में पढ़ने वाले छात्रगण को बल, बुद्धि, विद्या की आवश्यकता है। आशय ये है कि शारीरिक, मानसिक, आत्मिक बल की आवश्यकता है।




कार्यक्रम के द्वितीय चरण में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रीतिकर दिवाकर, अंतर्राष्ट्रीय कमेंटेटर संजय बैनर्जी, कवि सुदीप भोला, आलोक मिश्रा, सेवानिवृत्त मेजर दिलीप अवस्थी, प्राचार्य अलकेश चतुर्वेदी अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कवि सुदीप भोला ने देश के सैनिकों की सीमा रेखा पर रक्षा करने वाले वीर सपूतों के लिए शानदार कविता प्रस्तुत की। पूर्व छात्र सुदीप भोला को ओशो सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर छात्र-छात्राओं को एवं पूर्व छात्र जो विशेष उपलब्धि प्राप्त हैं, उनको छात्र गौरव से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विवेक पाठक, तरुण रोहितास ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत मिश्रा, डॉ. अरुण शुक्ला, आदित्य मिश्रा, डॉ. मलय वर्मा, डॉ. राजीव दुबे, सुरेन्द्र सेन, घनश्याम तिवारी, उमेश शुक्ला, निरंजन राय, रत्नेश सोनकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज व उत्तराधिकारियों की बैठक संपन्न

**जबलपुर।** गांधी भवन टाउन हॉल में 14 दिसम्बर को दोपहर 02 बजे जबलपुर शहर एवं जिला के समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशज व उत्तराधिकारियों की बैठक एड. प्रकाश गोलछा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि जबलपुर सेनानियों के वंशज एवं उत्तराधिकारियों का नवीन सदस्यता व पंजीयन अभियान प्रारंभ कर दिया गया है, जबलपुर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों को सदस्यता ग्रहण करने 11 जनवरी को बैठक आयोजित कर सभी के सदस्यता फार्म भराए जाएंगे। संपन्न बैठक में मनोज नामदेव, केशव प्रसाद चौरसिया, ओमप्रकाश जायसवाल, ओम शर्मा, निर्मल जैन, श्याम सोलंकी, रज्जू सराफ, आलोक गुप्ता, शिवमंगल यादव, किरण गठौरिया, श्रीमती चंद्रमणी, अलकेश गुप्ता, दिनेश सिंह बागरी, अंकित नीखरा सहित बड़ी संख्या में अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में स्वतंत्रता सेनानी की धर्मपत्नी रूपरानी श्रीवास को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

